श्री शब्दशरण ब्रह्मभट्ट ने स्वतंत्र निदेशक के रूप में इरेडा का बोर्ड ज्वॉइन किया

श्री शब्दशरण ब्रह्मभट्ट ने अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के निदेशक मण्डल में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में 28 जनवरी, 2022 से आगामी तीन साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया है।

श्री ब्रह्मभट्ट एक सामाजिक कार्यकर्ता और पेशे से एक वकील हैं। उन्होंने एलएलबी के अलावा वाणिज्य में ग्रेजुएशन डिग्री भी किया है।

बोर्ड में नए सदस्य का स्वागत करते हुए इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि "श्री ब्रह्मभट्ट का एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में इरेडा में ज्वॉइन करना एक सौभाग्य की बात है। हमें विश्वास है कि महत्वपूर्ण निर्णय लेने में उनके मार्गदर्शन से इरेडा को अगले पांच वर्षों के दौरान अपने पांच गुना विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में काफी लाभ होगा। इरेडा न केवल स्वच्छ ऊर्जा के लिए, बल्कि स्वच्छ कॉर्पोरेट प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए भी काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें विश्वास है कि नए बोर्ड के सदस्य के जुड़ने से कंपनी को कॉर्पोरेट प्रशासन के अपने उच्चतम मानकों को और मजबूत करने में मदद मिलेगी ।"